हरिभूमि
# सिरसा-फतेहाबाद भूमि
रोहतक, मंगलवार, 7 अक्टूबर 2025

11 सिंचाई विभाग के चोरी छिपे छोटे किए गए मोघों का विरोध



12 बालाजी रसगुल्ला भंडार पर खाद्य सुरक्षा विभाग का छापा...



## खबर संक्षेप

### जानलेवा हमला करने पर दो महिलाएं गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** गांव धिड़ में पड़ोसियों पर जानलेवा हमला करने के मामले में थाना शहर फतेहाबाद पुलिस ने दो महिलाओं को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार महिलाओं की पहचान लाज पत्नी रामस्वरूप निवासी रूप नगर, जिला जींद और सरला पत्नी साधुराम सैनी निवासी जींद के रूप में हुई है। थाना शहर फतेहाबाद प्रभारी निरीक्षक सुरेंद्रा ने बताया कि 23 मई को दशरथ निवासी गांव धिड़ की शिकायत पर पुलिस ने कार्रवाई की।

### गुरुकृपा सेवा मंडल का वार्षिक उत्सव 24-25 को

**फतेहाबाद।** गुरुकृपा सेवा मंडल का वार्षिक उत्सव 24 व 25 अक्टूबर को धूमधाम से मनाया जाएगा। इस उपलक्ष्य में एमसी कालोनी स्थित श्री लक्ष्मीनारायण मंदिर में श्री बांके बिहारी भजन संध्या का आयोजना किया जाएगा। मंडल के प्रधान भारत टुटेजा ने बताया यह आयोजन हर वर्ष बड़ी धूमधाम से मनाया जाता है।

### नाबालिग छात्रा से दुष्कर्म, आरोपी गिरफ्तार

**डबवाली।** उपमंडल के एक गांव में एक नाबालिग छात्रा के साथ दुष्कर्म का मामला सामने आया है। इस घिनौने कार्य को अंजाम देने वाला व्यक्ति पीड़िता के पिता का मित्र है। पारिवारिक जान पहचान का फायदा उठाकर आरोपी एक बार दोपहर के समय पीड़िता के घर आया और छात्रा से जबरन दुष्कर्म किया। पुलिस ने शिकायत के आधार पर आरोपी राम पुत्र बुधराम को विभिन्न धाराओं में गिरफ्तार कर लिया है।

### किसानों ने कटाई रोकी, सोमवार को मंडियों में नहीं आया धान

# तेज बारिश से मंडियों में पड़ी 30 हजार एमटी धान की फसल भीगी


हरिभूमि न्यूज ⏭फतेहाबाद

**पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय, खेतों में बिछी फसल, तापमान में गिरावट दर्ज**

पश्चिमी विक्षोभ के चलते सोमवार को लगातार तीन घंटे हुई बारिश और तेज हवाएं चलने से तापमान में 8 डिग्री की गिरावट आ गई। बारिश से अनाज मंडियों और खरीद केन्द्रों पर खुले में पड़ी धान की फसल भीग गई। बारिश व तेज हवाओं के कारण खेतों में खड़ी धान की फसल बिछ गई जिसके चलते किसानों ने धान की कटाई रोक दी है। कृषि विशेषज्ञों का मानना है कि इस बारिश से कपास और धान की फसल को काफी नुकसान हुआ है। खासकर पिछेती धान की फसल में ज्यादा नुकसान है। बता दें कि इन दिनों जिले में धान की कटाई का काम चल रहा है। कुछ किसान अपनी फसल लेकर अनाज मंडी में भी आने लगे हैं। पिछले दिनों मौसम वैज्ञानिकों द्वारा बारिश की भविष्यवाणी से ही किसानों की धडक़नें तेज हो गई थी। सोमवार को हुई बारिश के कारण फसलें प्रभावित हुई हैं। अब धान की फसल काटने के लिए उसके सूखने तक इंतजार करना पड़ेगा। मौसम विभाग ने बंगाल की खाड़ी में बने एक कम दबाव के क्षेत्र तथा राजस्थान के ऊपर एक साइक्लोनिक सरकुलेशन बनने से पश्चिमी हवाएं चल पड़ी। इन मौसमी सिस्टमों के प्रभाव से सोमवार को बारिश हुई।



फतेहाबाद। बारिश से मंडी में भीगी फसल। फोटो : हरिभूमि



### कपास की फसल पूरी तरह नष्ट

जिले में डेढ़ लाख हेक्टेयर में धान की फसल की बिजाई की हुई है। वहीं, 20 हजार हेक्टेयर में कपास की फसल लगी हुई है। कपास की चुगाई का काम भी चल रहा है। ऐसे में खेतों में फसल संबंधी कामकाज फिलहाल रुक गया है। अभी तक जिले की मंडियों में 42 हजार 82 मीट्रिक टन धान की फसल पहुंच चुकी है। इसमें से 11971 एमटी धान यानि 28 प्रतिशत का ही उठान हो पाया है। मण्डियों व खरीद केन्द्रों में अभी भी 30111 एमटी धान खुले में पड़ी हुई है। इनमें से अधिकांश फसल सोमवार को हुई बारिश के कारण मण्डियों में भीग गई। दरअसल भट्टू में रविवार शाम को ही तेज बारिश ने अपने तेवर दिखा दिए थे। तेज बारिश के चलते धान की फसल भीग गए थे। भट्टू को कपास बैल्ट के नाम से जाना जाता है।

### कई फसलों पर पड़ा प्रभाव

*रविवार व सोमवार को हुई बारिश के कारण धान की फसल को नुकसान हुआ है। इसके अलावा भी कई फसलों पर इसका प्रभाव पड़ा है। जिले में फसलों को कितना नुकसान हुआ है, इसकी जानकारी फील्ड स्टाफ से ली जा रही है। एक-दो दिन में इसकी रिपोर्ट तैयार कर ली जाएगी।*
*-डॉ. राजेश सिहाग, कृषि उपनिदेशक फतेहाबाद*

### आज फिर हो सकती है बारिश: खीचड़



खेतों में बिछी धान की फसल।

चौधरी चरणसिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय हिसार के कृषि मौसम विज्ञान विभाग के अध्यक्ष डॉ. मदन खीचड़ का कहना है कि पश्चिमी विक्षोभ के आंशिक प्रभाव तथा बंगाल की खाड़ी में बने एक कम दबाव का क्षेत्र बनने तथा राजस्थान के ऊपर एक साइक्लोनिक सर्कुलेशन बनने से नमी वाली हवाएं उत्तर पश्चिमी क्षेत्रों की तरफ आने की संभावना है। इन मौसमी सिस्टमों के प्रभाव से राज्य में 7 अक्टूबर तक ज्यादातर क्षेत्रों में हवाओं व गरजचमक के साथ हल्की से मध्यम बारिश की संभावना है। इस दौरान कुछ एक क्षेत्रों में तेज बारिश भी हो सकती है। इस दौरान दिन के तापमान में हल्की गिरावट तथा रात्रि तापमान में हल्की बढ़ोतरी होने की संभावना है, परंतु 8 अक्टूबर दोपहर बाद से मौसम साफ हो जाने तथा हवाओं में फिर से बदलाव उत्तर व उत्तर पश्चिमी होने से तापमान में गिरावट होने की संभावना है। दूसरी तरफ मौसम वैज्ञानिकों का मानना है कि 7 अक्टूबर को प्रदेश के फतेहाबाद सहित 10 जिलों में बारिश हो सकती है।

### सिरसा में तेज आंधी के साथ जमकर बरसात

# नाथूसरी चौपटा क्षेत्र में फसलों को नुकसान

- मौसम में भी घुली ठंडक बिजली के पोल उखड़े

हरिभूमि न्यूज ⏭सिरसा

सिरसा जिला में पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से तेज आंधी के साथ हुई बरसात से धान की फसल को काफी नुकसान हुआ है। वहीं मौसम में भी ठंडक घुल गई है। रविवार रात व सोमवार सुबह बरसात हुई नरमा, धान व बाजरे की फसल को नुकसान होने का अनुमान है। कई जगह पर तेज आंधी से धान की फसल बिछ गई। इसी के साथ ही कई जगह पर बिजली पोल व पेड़ गिर गए। जिससे वाहन चालकों को काफी परेशानी झेलनी पड़ी। इससे पहले रविवार को कई इलाकों में तेज बारिश, आंधी के साथ ओलावृष्टि हुई। चौपटा क्षेत्र में मानसून की बरसात से नरमा की फसल पहले ही खराब हो चुकी है। अब तेज आंधी व बरसात से धान की फसल बिछ जाने से किसानों को आर्थिक तौर पर काफी नुकसान हुआ है। किसानों ने बताया कि मानसून की बरसात से पहले चौपटा क्षेत्र में चोपट हो चुकी है। अब बरसात व तेज आंधी से फसलों को काफी नुकसान हुआ है। जिला प्रशासन को विशेष गिरदावरी करवा कर मुआवजा दिया जाए। कृषि विशेषज्ञों का भी कहना है कि खरीफ की अंतिम चरण में हुई बरसात से नुकसान की संभावना तो है, परंतु इससे मिट्टी की नमी बरकरार रहेगी, जिससे रबी सीजन की फसलों की पैदावार में सुधार होगा। कुल मिलाकर यह बरसात जहां एक ओर किसानों के लिए चिंता का विषय बनी, वहीं दूसरी ओर आगामी रबी फसलों के लिए शुभ संकेत भी लेकर आई है। सिरसा से चौपटा मार्ग पर गांव दड़बा कलां के समीप करीबन दो किलोमीटर में फिर से पानी भर गया। इस रोड पर दस दिन पहले से ही पानी कम हुआ था। अब पानी के भराव से वाहन चालकों को काफी परेशानी झेलनी पड़ रही है। बरसात के पानी का भराव होने से कई वाहन चालक लुदेसर और रूपाना से चौपटा व माखोसरानी से चौपटा व सिरसा आ जा रहे हैं।



सिरसा। तेज आंधी के कारण जमीन पर बिछी धान की फसल।

### रबी फसलों को लाभ

गांव शेरपुरा के किसान रामपाल जलंधरा ने बताया कि खरीफ फसलों में मूंगफली, ग्वार और बाजरा की कटाई व कढ़ाई लगभग पूरी हो चुकी है, मात्र दस प्रतिशत फसल शेष है। हालांकि, इस समय की बरसात से जहां खरीफ की फसलों को नुकसान पहुंचा है, वहीं यह आगामी रबी फसलों की तैयारी के लिए लाभकारी साबित होगी। जमीन में नमी बढने से गेहूं और सरसों जैसी रबी फसलों की बुवाई के लिए यह मौसम अनुकूल रहेगा।

# एक किलो अफीम सहित दो तस्कर गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭सिरसा

पुलिस ने नशा तस्करों पर शिकंजा कसते हुए नाथूसरी चोपटा क्षेत्र से एक किलो ग्राम अफीम सहित दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। सिरसा सीआईए प्रभारी प्रेम कुमार ने सोमवार को बताया कि पुलिस टीम एएसआई सुमित कुमार के नेतृत्व में अपराधियों की धरपकड़ व वाहन चेकिंग के लिए दौरान कुताना माइनर भादरा रोड, नाथूसरी क्षेत्र में मौजूद थी। इस दौरान भादरा की ओर से आ रहे एक मोटरसाइकिल सवार दोनों युवकों को काबू कर लिया है, जिनकी पहचान बबलू पुत्र पप्पू तथा कुलदीप उर्फ कुलवंत पुत्र जगदीश राम निवासी सिरसा के रूप में हुई।



सिरसा। पकड़े गए अफीम तस्कर।

### मामला दर्ज

*तलाशी लेने पर उनके बैग से एक किलो 82 ग्राम अफीम बरामद हुई। आरोपियों के विरुद्ध थाना नाथूसरी चोपटा में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। नाथूसरी चोपटा थाना प्रबंधक रधेशयाम ने बताया कि आरोपियों को अदालत में पेश कर पुलिस रिमांड पर लिया जाएगा और पूछताछ कर अफीम तस्करी के इस नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों के बारे में जानकारी हासिल की जाएगी और उनके खिलाफ भी कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।*

### लूटपाट के आरोपी को किया गिरफ्तार

**सिरसा।** सदर थाना पुलिस ने घर में घुसकर लूटपाट करने के मामले में आरोपी बिट्टु निवासी बूढ़ा बाबा बस्ती, जींद हाल दशमेश कॉलोनी, कैथल को गिरफ्तार किया है। सदर थाना प्रभारी निरीक्षक सुखदेव सिंह ने बताया कि मामला बीती 27 जुलाई को बाजेकां निवासी जितेंद्र सिंह ने शिकायत दी थी कि रात को 4-5 अज्ञात व्यक्ति उसके घर में घुस आए। हथियारों से लैस इन बदमाशों ने उनके परिवार को धमकाकर 6-7 तोले सोने के गहने व करीब एक लाख रुपए नकद लूट लिए और फरार हो गए। शिकायत के आधार पर सदर थाना सिरसा में उचित धाराओ के तहत मामला दर्ज किया गया था।

## वांछित तस्कर दस हजार रुपये की ड्रग मनी सहित गिरफ्तार

**चार लाख की 53 किलो 625 ग्राम चूरापोस्त तस्करी का मामला**

**डबवाली।** पुलिस ने करीब चार लाख रुपये के 53 किलो 625 ग्राम चूरापोस्त तस्करी मामले में वांछित आरोपी दरबार सिंह को दस हजार रुपये की ड्रग मनी सहित गिरफ्तार कर लिया है। सीआईए प्रभारी राजपाल ने बताया कि पुलिस ने आरोपी को महत्वपूर्ण सूचना के आधार पर मध्यप्रदेश के बरडिया क्षेत्र से काबू किया है। उन्होंने बताया कि पुलिस ने देसूजोधा से शेखू रोड़ पर झाडियों में छिपाकर रखे गए 53 किलो 625 ग्राम चूरापोस्त सहित अंतरराज्यीय नशा तस्कर तरसेम सिंह निवासी जिला बठिंडा पंजाब को काबू किया था। आरोपी तरसेम सिंह ने रिमांड अवधि के दौरान बताया कि उसे यह चूरापोस्त पलविंदर उर्फ पिंदर ने बेचा था। पुलिस ने पलविंदर को भी बठिंडा से काबू कर लिया। इस मामले में वांछित आरोपी मुख्य तस्कर दरबार सिंह को आज महत्वपूर्ण सूचना के आधार पर मध्यप्रदेश के बरडिया क्षेत्र से काबू कर लिया है। आरोपी दरबार सिंह को अदालत में पेश कर पुलिस रिमांड पर लेकर गहनता से पूछताछ की जाएगी और चूरापोस्त तस्करी के नेटवर्क में शामिल अन्य लोगों के बारे में जानकारी हासिल की जाएगी।

# नशे की ओवरडोज से एक युवक की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭सिरसा

कालांवाली क्षेत्र में नशे से मरने वालों का सिलसिला कम होने का नाम ही नहीं ले रहा। गांव गदराना में नशे की ओवरडोज से एक युवक की मौत का मामला सामने आया है। हालांकि पुलिस प्रशासन इस मामलें की गहनता से जांच कर रहा है। घटना की सूचना मिलते ही कालांवाली पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी थी।

### मजदूरी करता था युवक

जानकारी अनुसार करीब 24 वर्षीय युवक जोकि दिहाड़ी मजदूरी का काम करता था और कालांवाली में रहता था। उसके पिता व दादा की मौत हो चुकी है। मृतक की मां कालांवाली में रहती है। जबकि दादी गांव गदराना में रहती है। वह रविवार को अपनी दादी से मिलने आया हुआ था। शाम को उसका शव गांव के जलघर में संदिग्धावस्था में पड़ा मिला।

**कार्रवाई** नियमों का उल्लंघन करने वालों पर सख्त एक्शन

# मॉडिफाइड साइलेंसर, ड्रंक एडं ड्राइविंग और मनचलों पर पुलिस ने कसा शिकंजा

हरिभूमि न्यूज ⏭फतेहाबाद

पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन के नेतृत्व में फतेहाबाद पुलिस ने सितंबर माह से अब तक जिलेभर में सडक़ सुरक्षा और जन अनुशासन को लेकर विशेष अभियान चलाया हुआ है। इस अवधि में पुलिस ने मॉडिफाइड साइलेंसर वाले पटाखा बुलेट, नशे में वाहन चलाने वालों और सार्वजनिक स्थलों पर हुड़दंग मचाने वाले युवकों पर लगातार कार्रवाई की है। अभियान के दौरान कई युवकों की मॉडिफाइड साइलेंसर लगी बुलेट मोटरसाइकिलें जब्त की गई। पुलिस ने मौके पर ही अवैध साइलेंसर उतरवाए और चालकों को ट्रैफिक नियमों की गंभीरता समझाई। साथ ही 'शोर नहीं, शांति अपनाओ' संदेश के माध्यम से युवाओं को सामाजिक जिम्मेदारी निभाने के लिए प्रेरित किया गया।



फतेहाबाद। वाहनों की जांच करते ट्रैफिक पुलिस कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

### लगातार रखी जा रही नजर

डीएसपी ट्रैफिक कुलवंत सिंह की निगरानी में चल रहे अभियान में शहरी और ग्रामीण दोनों इलाकों में विशेष पुलिस टीमें तैनात की गई हैं जो ट्रैफिक नियम उल्लंघन करने वालों पर नजर रख रही हैं। साथ ही आमजन को ट्रैफिक नियमों के प्रति जागरूक करने के लिए सेमिनार, पोस्टर और सोशल मीडिया कैम्पेन भी चलाए जा रहे हैं। फतेहाबाद पुलिस ने यह भी स्पष्ट किया है कि एम्बुलेंस या किसी इमरजेंसी वाहन को रास्ता न देने वाले चालकों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।



To locate your nearest store and know more on 8147349242. Buy online at tanishq.co.in or Download our App *Conditions apply. | Scan the QR code to find the nearest Tanishq store
नया शोरूम :- तनिष्क, बस स्टैंड के पास, हिसार रोड, सिरसा, टेली. : 86077 80000

हरिभूमि
# सहेली
करवा चौथ विशेष



# दांपत्य जीवन में आस्था का उत्सव

करवा चौथ का पर्व स्त्रियों की आस्था और दांपत्य जीवन के प्रति उनके समर्पण के भाव को प्रतिबिंबित करता है। विवाहित स्त्रियां इस पर्व के जरिए चांद को साक्षी मानकर अपने रिश्तों को संजोने का संकल्प लेती हैं, जिसमें उनके परिवार के सदस्यों का अपनापन, स्नेह और संस्कृति-पूजन परंपराओं की सोंधी महक भी समायी होती है।

आवरण कथा
कल्पना मनोरमा

भारत में मनाए जाने वाले अनेक पर्वों में कुछ ऐसे भी हैं, जो सीधे स्त्री मन की गहराई को छूते हैं। करवा चौथ इन्हीं में से एक है। यह केवल एक दिन का व्रत नहीं, स्त्री के प्रेम, समर्पण और आस्था की आत्मिक निष्ठा है, जो हर वक्त उसके हृदय में बनी रहती है। हर वर्ष करवा चौथ का दिन स्त्रियों को याद दिलाता है कि रिश्तों की शक्ति केवल शब्दों या कथनों में नहीं, बल्कि भावनाओं, विश्वास और त्याग में निहित होती है।



### स्त्री के अस्तित्व की आत्मीय अनुभूति

करवा चौथ का व्रत, स्त्री के लिए केवल एक धार्मिक अनुष्ठान नहीं, उसके अस्तित्व की वह आत्मीय अनुभूति है, जिसमें प्रेम, आस्था और समर्पण एक साथ बसते हैं। यह दिन उसे अवसर देता है कि वह अपने रिश्ते को साधारण दिनचर्या से उठाकर, एक ऊंचे भावलोक तक पहुंचा सके। चांद की शीतलता में जब एक स्त्री दीप-जल के साथ पति का मुखड़ा देखती है, तो ऐसा लगता है कि चांद भी उस दिन अपनी कोमल छटा में इतरा रहा है।

### स्त्री के भीतर छिपे अदृश्य सौंदर्य का उत्सव

भारतीय संस्कृति में व्रत और उपवास कोई भी कर सकता है, लेकिन त्याग-समर्पण का जिम्मा स्त्री ने अपनी पहचान और अधिकार बना लिया है। भारतीय स्त्रियां केवल व्रतों के माध्यम से ही नहीं, अपने हर कर्म और समर्पित प्रयास से परिवार को पोषित करती हैं। इसी क्रम में करवा चौथ स्त्री के भीतर छिपे उस अदृश्य सौंदर्य का उत्सव है, जो रिश्तों में नई ऊष्मा भरता है।

### घर और मन की सजावट

हमारे हर पर्व की अपनी अलग सुगंध, रंग-रूप और तैयारी होती है। करवा चौथ की तैयारियां भी केवल एक दिन पहले से शुरू नहीं होतीं, बल्कि इसकी मानसिक तैयारी तो बरसात के दिनों से ही शुरू हो जाती है। बरसात के बीतने के बाद, जैसे ही मौसम अपना रुख बदलता है, स्त्रियां धीरे-धीरे करवा चौथ की तैयारी की सोचने लगती हैं। घर की सबसे बड़ी या अनुभवी स्त्री की अनुमति लेकर युवा स्त्रियां घर में एक शांत और पवित्र कोना चुनती हैं। इसके बाद अल्पना बनाने का काम होता है। घर की सबसे कुशल और होशियार बहू को कुछ दिनों के लिए चौका-बर्तन से छुट्टी दे दी जाती है, ताकि वह ध्यानपूर्वक अल्पना बना सके। करवा की अल्पना में स्त्री ने सदैव प्रकृति को प्रमुखता दी है। उसने अपनी सहगामी परिधि में सूरज, चांद, सितारे, बरगद, पीपल, रिश्ते, भाई-बहन, देवरानी-जेठानी, मजदूर, गाय-बैल और किसान सबको बनाया और पूजा की। यह अल्पना केवल सजावट नहीं, बल्कि स्त्री के मन, उसकी कल्पना और उसके जीवन के छोटे-बड़े हिस्सों का प्रतिबिंब भी होती है।

### अपनत्व से दमकता स्त्री मन

जब करवा चौथ का व्रत आता, तो उसकी पहली रात घर की बड़ी-बूढ़ी स्त्रियां खीर, हलुआ और अन्य मिठाइयां तैयार करती हैं। चाहे दिन भर कितनी भी व्यस्तता क्यों न हो, कुछ मीठा अवश्य बनता है, ताकि व्रती स्त्री खा सके। क्योंकि मीठा खाने से प्यास नहीं लगती और दूसरा दिन ऊर्जावान बना रहता है। हाथों में मेहंदी रचती है, साड़ी, झुमके और नथ-टीका निकाले जाते हैं। इन तैयारियों के बीच, स्त्रियों का मन अपनत्व से दमकता रहता है।



### व्रत का दिन और उत्सव का चरम


व्रत वाले दिन स्त्री निर्जल रहकर भी उमंग-उत्साह से लबरेज रहती है। सुबह से ही घर का वातावरण विशेष प्रतीत होता है। हर काम, चाहे सफाई में झाड़ू लगाने का काम हो या बच्चों को तैयार करने का, पवित्र और ध्यानमग्न होकर किया जाता है। रात होते-होते घर का माहौल और भी उल्लासमय हो जाता है। बाहर चांदनी शांत और कोमल रात होती है और अंदर करवा की पूजा-पाठ, कथा कही-सुनाई जाती है। पति के मंगलमय जीवन की कामना की जाती है। जब चांद निकलता है तो वह केवल आकाशीय घटना भर नहीं रह जाता, उस क्षण स्त्री के मनाकाश में प्रेम और विश्वास का प्रतीक बनकर चांद उदित होता है। करवा के व्रत का सबसे भावपूर्ण क्षण वह होता है, जब पत्नी चांद को अर्घ्य देती है फिर पति के हाथ से जल ग्रहण करती है तो उसकी आंखों में उस क्षण प्रेम की एक अलग ही चमक होती है।

इस तरह स्त्रियों के मन और हृदय में बसी श्रद्धा और आस्था है, जो न केवल उनके जीवन को रोशन करती है, बल्कि परिवार और रिश्तों को स्थायी, आत्मीय और सजीव बनाती है। मिट्टी की खुशबू, चांद की शीतलता और लोकगीतों का मधुर स्वर, ये सब मिलकर करवा चौथ को केवल उपवास या पूजा नहीं, बल्कि संस्कृति और प्रेम का जीवंत उत्सव बना देती हैं। कहा जा सकता है कि ऐसे त्योहार, केवल आनंद के अवसर ही निर्मित नहीं करते, ये हमें समय, समुदाय और जीवन के गहरे अर्थों की याद दिलाते हैं। ये हमें प्रेम से जीना सिखाते हैं, आपस में जोड़कर रखते हैं।

करवा चौथ के दौरान कई महिलाओं को डिहाइड्रेशन की समस्या होने लगती है। इससे बचने के लिए आपको सरगी लेते समय ऐसे फूड्स, ड्रिंक्स को शामिल करना चाहिए, जिससे आप पूरे दिन हाइड्रेटेड-एनर्जेटिक फील कर सकें।


# व्रत के दौरान इस तरह रखें खुद को हाइड्रेट

डाइट सजेशन
निकिता चौहान



करवा चौथ पर विवाहित महिलाएं निर्जला व्रत करती हैं। इस दिन वे सूर्योदय से लेकर चंद्रोदय तक उपवास रखती हैं और अपने पति की लंबी उम्र, अच्छे स्वास्थ्य की कामना करती हैं। इस दौरान कई महिलाओं को कमजोरी महसूस होती है। ऐसा इसलिए होता है, क्योंकि वे खुद को प्रॉपर तरीके से हाइड्रेट नहीं रखती हैं। इस वजह से उन्हें चक्कर आने लगता है तो कुछ को मितली जैसा महसूस होता है। इन समस्याओं से बचने के लिए महिलाओं और विशेष रूप से गर्भवती महिलाओं को व्रत के दौरान अपने हाइड्रेशन का ध्यान रखना बहुत जरूरी है। यहां आपको खुद को हाइड्रेट रखने के तरीके बता रहे हैं।

**ऐसे करें दिन की शुरुआत:** दिन की शुरुआत 2-3 गिलास सादा पानी पीने से करें। इसके बाद सूर्योदय से पहले खाई जाने वाली सरगी में ऐसे खाद्य को शामिल करें, जिसमें पानी पर्याप्त मात्रा में हो। नारियल पानी और छाछ पी सकती हैं। इनमें इलेक्ट्रोलाइट्स होते हैं, जो शरीर को हाइड्रेटेड और ठंडा रखते हैं। चाय, कॉफी और नमकीन स्नैक्स लेने से बचें। व्रत के दौरान पानी से भरपूर फल जैसे संतरा, पपीता और खीरा आदि का सेवन कर सकती हैं।



आपको भूख महसूस न हो इसके लिए सरगी में आप हेल्दी फैट्स और प्रोटीन लें। इसके लिए भीगे बादाम, दूध, दही और पनीर का सेवन कर सकती हैं।

**इन बातों का रखें ध्यान:** अगर आपको कोई स्वास्थ्य समस्या है या कमजोरी महसूस कर रही हैं तो पूरे दिन का निर्जला व्रत रखने से बचें। पूरे दिन थोड़ी-थोड़ी मात्रा में पानी पीती रहें। नारियल पानी या ओआरएस घोल भी पी सकती हैं। ठोस खाद्य के बजाय तरल पदार्थ अधिक मात्रा में लें। निराहार के बजाय फलाहार उपवास कर सकती हैं।

**थकान से बचें:** व्रत के दौरान पानी की कमी ना हो इसके लिए दिन के समय धूप और गर्मी से बचें। ज्यादा शारीरिक श्रम न करें और हल्की, ढीली ड्रेस पहनें। आराम करती रहें ताकि पसीने से पानी की कमी न हो।

**डिहाइड्रेशन के लक्षण पहचानें:** उपवास के दौरान पानी न पीने से कई महिलाओं को डिहाइड्रेशन का रिस्क रहता है। ऐसे में आपको इन लक्षणों पर ध्यान देना जरूरी है- चक्कर या हल्की बेहोशी महसूस होना, सिरदर्द, बार-बार होंठ या मुंह सूखना, थकान या चिड़चिड़ापन, यूरीन कम होना या गहरे रंग का होना। अगर ये सभी या इनमें से कोई लक्षण दिखे तो तुरंत डॉक्टर से संपर्क करें।

**डॉक्टर से कंसल्ट करें:** अगर आपको कोई मेडिकल इश्यू है या आप प्रेग्नेंट हैं तो व्रत रखने का निर्णय लेने से पहले स्त्री रोग विशेषज्ञ की सलाह जरूर लें। डॉक्टर आपके ब्लड प्रेशर, शुगर लेवल और आपकी सेहत की अन्य बातों पर गौर करके आपको व्रत के दौरान सावधानी बरतने संबंधी उचित सलाह देंगी। आपको ध्यान रखना चाहिए कि हर महिला का शरीर अलग तरह का होता है। ऐसे में व्रत के दौरान क्या करना है, क्या नहीं, इस बारे में अपने डॉक्टर से जरूर बात करें।

**(मदरहुड अस्पताल, एनसीआर की कंसल्टेंट गायनेकोलॉजिस्ट डॉ. स्मिति जैन से बातचीत पर आधारित)**

भावनाएं / प्रस्तुति:आरती सक्सेना

# दांपत्य जीवन में प्रेम-समर्पण का प्रतीक करवा चौथ का व्रत

दांपत्य का रिश्ता पति-पत्नी दोनों के जीवन में बहुत महत्वपूर्ण होता है। इसलिए इस रिश्ते का मधुर और मजबूत होना बहुत जरूरी है। फिल्म-टीवी की अभिनेत्रियां बता रही हैं करवा चौथ का पर्व उनके दांपत्य जीवन में क्या मायने रखता है, वे इस पर्व को कैसे मनाती हैं, इस बार उनकी क्या तैयारी है?

### यह अनोखा पर्व हमारे दांपत्य जीवन में मधुरता घोलता है: किआरा आडवाणी



अपनी शादी के बाद मैं हर वर्ष करवा चौथ पूजा पूरे विधि-विधान के साथ करती हूं, व्रत रखती हूं, अपने पति सिद्धार्थ की लंबी आयु और स्वस्थ जीवन की मंगल कामना करती हूं। इस साल भी मैं करवा चौथ व्रत रखूंगी। इसकी तैयारी मैंने अभी से शुरू कर दी है। इस बार मैं करवा चौथ के लिए स्पेशल ड्रेस या डिजाइनर साड़ी लेने वाली हूं। सिद्धार्थ के लिए भी खूबसूरत कुर्ता-पजामा खरीदूंगी। हर साल मैं करवा चौथ पर स्पेशल मेहंदी लगवाती हूं, जिसमें सिद्धार्थ के नाम का पहला अक्षर मेरे हाथ पर लिखा होता है। इस बार भी मैं ऐसी ही मेहंदी लगाने वाली हूं। रोजमर्रा की जिंदगी में मैं लाइट कलर के ड्रेस पहनना पसंद करती हूं, लेकिन करवा चौथ पर मुझे डार्क कलर पहनना पसंद है, जैसे रेड, मैरून, डार्क पिंक। पिछले साल मैंने ससुराल में करवा चौथ मनाया था, जो मेरे लिए बहुत यादगार रहा। ससुराल में करवा चौथ पर सिर्फ सिद्धार्थ ही नहीं, मेरी सासू मां और पूरा परिवार मेरा बहुत ध्यान रख रहा था। मेरी सास ने मुझे करवा चौथ की सुबह सरगी दी, जो मैंने सुबह-सुबह चार बजे खाई। इसके बाद बिना कुछ खाए-पिए करवा चौथ का व्रत रखा। रात को चांद देखकर मैंने अपना करवा चौथ का व्रत सिद्धार्थ के हाथों पानी पीकर खोला। इसके बाद हम दोनों लोग ड्राइव पर गए। सिद्धार्थ ने मुझे सरप्राइज गिफ्ट दिया, जो एक खूबसूरत मोबाइल था। करवा चौथ का व्रत मेरे लिए इसलिए भी बहुत महत्वपूर्ण है, क्योंकि हर करवा चौथ पर हमारा रिश्ता और मजबूत होता है। यह बहुत अनोखा पर्व है, हमारे दांपत्य जीवन में मधुरता घोलता है।

### स्त्री का सुहाग उसके जीवन का एक वरदान है: भारती सिंह



जब मैं बहुत छोटी थी, शादी-शुदा महिलाओं को करवा चौथ व्रत रखते देखती थी। उनका सजना-संवरना मिलकर करवा चौथ की पूजा करना, चांद देखकर अपने पति के हाथों जल पीकर व्रत तोड़ना, ये सब मुझे बहुत भाता था। मैं सोचती थी, जब मैं बड़ी होऊंगी, शादी करूंगी तो इन महिलाओं की तरह मैं भी अपने पति के लिए ऐसे ही सज-धज कर करवा चौथ की पूजा करूंगी। उस वक्त मुझे यह नहीं पता था कि करवा चौथ का व्रत भूखे-प्यासे रहकर करना पड़ता है। शादी के बाद जब मैंने पहली बार करवा चौथ का व्रत रखा, उस वक्त पूरा दिन भूखा-प्यासा रहकर मेरी हालत बहुत पतली हो गई थी। लेकिन रात को जब चांद देखकर व्रत तोड़ा, तो एक अलग ही सुकून मिला। इसके बाद हर साल मैं पूरे दिल से करवा चौथ का व्रत रखती हूं। मेरा मानना है स्त्री का सुहाग उसके जीवन का एक वरदान है। इस बात का एहसास मुझे उस वक्त हुआ, जब मेरी लाइफ में हर्ष की एंट्री हुई। हर्ष ने मुझे इतना प्यार दिया, इतनी खुशी दी कि मैं उनके बिना जीने की कल्पना भी नहीं कर सकती। करवा चौथ के दिन मैं सुबह चार बजे उठकर सास द्वारा दी गई सरगी खाती हूं। पूरा दिन सजने-संवरने में जुटी रहती हूं, हाथों में मेहंदी से लेकर पैरों में पायल, ज्वेलरी, मेकअप, हेयर स्टाइल सब कुछ पूरे दिन चलता रहता है। इस दिन हर्ष मेरी हर बात मानते हैं, मेरे नखरे उठाते हैं। हर साल वह मेरे लिए कोई ना कोई खूबसूरत गिफ्ट लेकर जरूर आते हैं। इस बार भी मैं धूमधाम से करवा चौथ मनाऊंगी। करवा चौथ की फोटोज और वीडियो भी आप लोगों के साथ शेयर करूंगी।

मेकअप
सरिता गुप्ता

# ग्लिटरी-ब्राइट मेकअप से निखर उठेगी खूबसूरती

विवाहित महिलाओं का सबसे बड़ा त्योहार करवा चौथ को माना जाता है। इस दिन महिलाएं अपने पति की लंबी आयु के लिए निर्जल व्रत रखती हैं। इस अवसर पर बड़े चाव से सजती-संवरती भी हैं। सुंदर सी साड़ी, लहंगा, मैचिंग ज्वेलरी कैरी करती हैं, मेहंदी, महावर भी लगाती हैं। इसके साथ ही, पूजा करने के लिए वे अच्छे से मेकअप भी करना चाहती हैं। इस ऑकेजन पर आपका मेकअप स्पेशल होना चाहिए। इसीलिए यहां हम आपको बता रहे हैं ग्लिटरी-ब्राइट मेकअप के स्टेप्स।

**मॉयश्चराइजर:** मेकअप शुरू करने के पहले स्टेप में फेस पर मॉयश्चराइजर लगाएं। इससे चेहरे पर मेकअप लंबे समय तक टिका रहता है। मॉयश्चराइजर लगाने के 10 मिनट बाद बेस लगाना सही रहता है।

**कंसीलर:** अगर आपके चेहरे पर दाग-धब्बे हैं और आप उन्हें छुपाना चाहती हैं तो कंसीलर का यूज जरूर करें। साथ ही चेहरे पर चमक लाने के लिए आप प्राइमर का यूज कंसीलर से पहले करें।



**फाउंडेशन या बेस:** फाउंडेशन या बेस खरीदते समय अपनी स्किन टोन से मैचिंग जरूर कर लें। साथ ही ऐसे फाउंडेशन का सेलेक्शन करें, जो लॉन्ग-लास्टिंग हो ताकि आपका मेकअप लंबे समय तक बरकरार रहे। स्किन टोन से मैचिंग बेस को अच्छे तरीके से ब्लेंड करें। इससे फेस पर नेचुरल ग्लो आता है।

**अप्लाई करें ब्लशर:** बेस लगाने के बाद गालों पर हल्का-सा ब्लशर अप्लाई करें ताकि चेहरे पर ग्लो दिखाई दे।

**आइज मेकअप:** फेस मेकअप के बाद आइज मेकअप की बारी आती है। आंखों को सुंदर दिखाने के लिए आप अपनी ड्रेस से मैच करता हुआ लाइट ब्राउन या लाइट ग्रे कलर का आईशैडो लगा सकती हैं। आंखों का मेकअप हाईलाइट करने के लिए आप हल्की ग्लिटर वाली या शिमरी आईशैडो का यूज भी कर सकती हैं।

**मस्कारा:** मस्कारा लगाने से आपकी पलकें घनी और लंबी दिखाई देती हैं। आंखों पर मस्कारा का एक कोट लगाना काफी है। एक से अधिक कोट ना लगाएं।

**आई लाइनर:** आंखों के मेकअप को क्लीन दिखाने के लिए पतला आई लाइनर लगाएं। अगर अपने मेकअप को स्पेशल फेस्टिव टच देना चाहती हैं तो आप लाइट ब्राउन या ब्लू कलर का आई लाइनर चुन सकती हैं।

**लिपस्टिक:** मेकअप को कंप्लीट लुक देने के लिए लिपस्टिक का सही शेड चुनना बहुत जरूरी है। गलत शेड आपके मेकअप का लुक बिगाड़ सकता है। ध्यान रखें कि अगर आपने आइज मेकअप डार्क किया है तो लिपस्टिक लाइट लगाएं। होंठों को ड्राई होने से बचाने के लिए पहले लिप बाम लगाएं।

**(ब्यूटी एक्सपर्ट आरती सिन्हा से बातचीत पर आधारित)**

पर्व संदेश
सरस्वती रमेश

हमारे हर पर्व के पीछे कोई ना कोई बड़ा उद्देश्य होता है, उसके संदेश होते हैं। करवा चौथ भी ऐसा ही एक पर्व है। करवा चौथ पति-पत्नी के संबंध मधुर और मजबूत बनाने के साथ पूरे परिवार को आपस में जोड़ता है।

# करवा चौथ के अवसर पर बनें प्यार-परंपरा के साक्षी

दांपत्य, एक अनूठा रिश्ता है, ऐसा रिश्ता जो एक ही रिश्ते में अनेक रिश्तों को समाहित किए है। जीवनसाथी सिर्फ पति-पत्नी के बंधन में नहीं बंधे होते, उनका रिश्ता साथ, विश्वास और सहयोग का होता है। दांपत्य का रिश्ता उस नाजुक बेल की तरह होता है, जो एक-दूसरे के सहारे से आगे बढ़ती है। कभी-कभी इस नाजुक बेल की मजबूती के लिए कुछ खास भी करना पड़ता है। वही खास अवसर है-करवा चौथ का पर्व। इस अवसर पर दांपत्य के रिश्ते को हरा-भरा और पुष्पित करने के लिए पत्नी अपने प्रेम का जल, भरोसे की खाद और समर्पण की धूप देती है। यह रिश्ता हमेशा खिला-खिला रहे, इसके लिए कुछ बातों का ध्यान रखना जरूरी है, जैसे-



**साथ का अहसास:** करवा चौथ पर सुहागन स्त्रियां व्रत रखती हैं, लेकिन उनके लिए यह सिर्फ एक व्रत मात्र नहीं है, इस दिन वे मेहंदी, महावर, कुमकुम, मांग-टीका और तन के सारे श्रंगार कर, दांपत्य जीवन का भी श्रंगार करती हैं। व्रत के साथ यह सदिच्छा भी जुड़ी होती है, यह अहसास भी कि हर उम्र में, हर मोड़ पर दांपत्य की बगिया अपने सुंदरतम रूप में खिली रहे। यहां यह भी ध्यान देने वाली बात है, स्त्री का यह सुंदर स्वप्न तभी पूरा होगा, जब उसे अपने जीवनसाथी का भरपूर प्यार और साथ मिले। करवा चौथ इस साथ के अहसास को और गहरा करता है।

**रिश्ते में हो त्याग की भावना:** जैसा कि हम सब जानते हैं, करवा चौथ पर स्त्री अन्न-जल त्याग कर पति की लंबी आयु की प्रार्थना करती है। दांपत्य के रिश्ते को हमेशा सजीव और मधुर रखने के लिए हमें इसी तरह के त्याग की जरूरत होती है। जब रिश्ते में त्याग का भाव निहित हो, तभी दांपत्य की खुशहाली संभव है।

**पति भी रखे ख्याल:** जिस तरह किसी त्योहार का पारंपरिक और सांस्कृतिक पक्ष होता है, उसी तरह उसका व्यावहारिक पक्ष भी होता है। करवा चौथ का भी व्यावहारिक पक्ष है, यह विवाह के वक्त किए गए वचनों को आगे बढ़ाने और व्यावहारिक रूप से उन्हें जीवन में अपनाने के लिए इंगित करता है। यदि पति की लंबी आयु की कामना से पत्नी कठिन व्रत रख सकती है, तो पति को भी उसकी सेहत और मानसिक स्वास्थ्य का ख्याल रखना चाहिए।



### पूरे परिवार का उत्सव

**करवा चौथ** पूरे परिवार का उत्सव है। भले ही इसका पालन घर की स्त्रियों द्वारा होता है, लेकिन जब तक परिवार का प्रत्येक सदस्य इसमें शामिल न हो, तब तक इस त्योहार को मनाने का अर्थ परिपूर्ण नहीं होता। करवा चौथ का पर्व परिवार के लोगों को आपस में जोड़ता है, हंसी-मजाक और आत्मीयता के नए अवसर सुलभ करता है। सारी स्त्रियां मिलकर मेहंदी लगाती हैं, श्रंगार करती हैं, गीत गाती हैं, दिल खोलकर हंसती हैं। घर में पकवान बनते हैं, बच्चे खुश होकर घर में डोलते हैं। यही तो त्योहारों को मनाने का उद्देश्य है कि हर ओर उमंग-उल्लास फैले, रंग और उजास फैले।

## खबर संक्षेप

### केबल चुराने के मामले में तीसरा युवक गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** खेतों से केबल चुराने के मामले में जाखल पुलिस ने तीसरे युवक को भी गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी की पहचान रामफल पुत्र गुरदयाल निवासी साधनवास के रूप में हुई है। पुलिस ने उसके कब्जे से एक चोरीशुदा स्टार्टर बरामद किया है। आरोपी को न्यायालय के आदेशानुसार न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। थाना प्रभारी उपनिरीक्षक सुरेश ने बताया कि 17 सितंबर को रिंकू पुत्र बूटा सिंह निवासी गांव साधनवास ने थाना जाखल में शिकायत दी थी।

### साइबर ठगी के पीड़ित को वापस दिलवाई राशि

**फतेहाबाद।** साइबर ठगी के एक मामले में थाना भुना पुलिस ने सराहनीय कार्य करते हुए पीड़ित को उसकी 31 हजार 200 रुपये की राशि वापिस दिलाई है। यह मामला साइबर ठगी से जुड़े मामलों में पुलिस की तत्परता और तकनीकी दक्षता का एक बेहतरीन उदाहरण है। बता दें कि इस बारे 1 अक्टूबर को संदीप कुमार पुत्र सुरजीत सिंह निवासी भुना द्वारा पोर्टल पर साइबर ठगी की शिकायत दर्ज करवाई गई थी।

### एनडीए में भावना ने लहराया परचम

**सिरसा।** शहर की अग्रवाल कॉलोनी निवासी भावना ने राष्ट्रीय रक्षा अकादमी की लिखित परीक्षा 2025 में शानदार प्रदर्शन कर सफलता हासिल की है। भावना सिरसा के गुरुकलम संस्थान की छात्रा तथा इस सत्र में जिला की एकमात्र लड़की हैं जिन्होंने इस प्रतिष्ठित परीक्षा में जगह बनाई है। भावना ने अपनी इस उपलब्धि से न केवल गुरुकलम संस्थान, बल्कि पूरे जिले, हरियाणा प्रदेश और अपने माता-पिता का नाम रोशन किया है।

### पत्रिका घग्गर के लिए छात्र संपादकों का चयन

**सिरसा।** राजकीय नेशनल महाविद्यालय सिरसा द्वारा वार्षिक पत्रिका घग्गर के इस सत्र के अंक का प्रकाशन किया जाएगा। महाविद्यालय के जनसंपर्क अधिकारी प्रोफेसर रमेश सोनी ने बताया की पत्रिका के अलग-अलग अनुभागों के छात्र संपादकों की चयन प्रक्रिया अनुभाग संपादक डॉ अनीता मडिया, डॉ. विवेक गोयल, डॉ. इंदिरा जाखड़, डॉ. मंजू मेहता, प्रो. अशोक कुमार, डॉ. प्रियंका रानी, डॉ. सरोज बाला, डॉ. पूनम सेतिया के मार्गदर्शन में सोमवार को हुई।

### तेरापंथ भवन में मनाया जीवन विज्ञान दिवस

**सिरसा।** अणुव्रत उद्बोधन सप्ताह के तहत तरापंथ भवन में अणुव्रत समिति सिरसा की ओर से साध्वी संयमप्रभा के सान्निध्य में जीवन विज्ञान दिवस मनाया गया। श्रद्धालु आनंद जैन ने बताया कि समिति के अध्यक्ष चंपालाल जैन की अध्यक्षता में सबसे पहले साध्वी उज्जवल यशा ने जीवन विज्ञान प्रयोगों व आसन के बारे में छात्राओं को जानकारी दी। इस दौरान एक छात्रा ने आसन व प्रयोग करके सभी को दिखाया।

### सीजेएम ने नशा मुक्ति केंद्र का किया निरीक्षण

**सिरसा।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एवं मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी प्रवेश सिंगला ने स्थानीय नागरिक अस्पताल में नशा मुक्ति केंद्र का औचक निरीक्षण किया तथा वहां मौजूद नशा पीड़ितों से मुलाकात की और यहां दी जा रही सुविधाओं का जायजा लिया। सिंगला ने नशा पीड़ितों से बातचीत के दौरान नशे से दूर रहने का आह्वान किया।

### कमलेश बागड़ी को श्रेष्ठ शिक्षक सम्मान से नवाजा

**भूना।** आरोहण फाउंडेशन द्वारा पानीपत में राज्य स्तरीय शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में फतेहाबाद के राजकीय मिडिल स्कूल बनावाली सोतर में कार्यरत पीटीआई अध्यापिका और भूना निवासी कमलेश बागड़ी को 'श्रेष्ठ शिक्षक सम्मान 2025' से सम्मानित किया गया।

---

### धरनारत ग्रामीणों के समर्थन में उतरे तीन और गांव

# सिंचाई विभाग के चोरी छिपे छोटे किए मोघों का विरोध

**ग्रामीण बोले, पुराना सिस्टम लागू नहीं होने तक जारी रहेगा धरना**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ डबवाली



सिरसा। सिंचाई विभाग के खिलाफ धरना देते ग्रामीण। फोटो : हरिभूमि

चौटाला नहर की टेल तक पानी पहुंचाने के लिए सिंचाई विभाग द्वारा चोरी छिपे छोटे किए गए मोघों के विरोध में धरनारत 4 गांवों के साथ तीन आर गांवों लंबी, गिदडखेड़ा व चौटाला के लोग सोमवार को समर्थन में आ गए हैं। धरने पर बैठे जंडवाला बिश्नोईयान के सरपंच मिठूराम, आसाखेड़ा के सरपंच भादर, भाजपा नेता गगनदीप सहित अन्य किसानों ने बताया कि चौटाला डिस्ट्रिब्यूटरी से उपरोक्त व आसपास के गांवों के किसानों को सिंचाई के लिए पानी मिलता है। उन्होंने बताया कि कानूनी तौर पर जब कोई भी सरकारी कार्य होता है तो उसके लिए नियमानुसार प्रक्रिया चलती है, लेकिन यहां तो संबंधित विभाग ने सभी नियमों को दरकिनार करते हुए तालिबानी फरमान की तरह रातों-रात चोरी-छिपे मोघों का साइज छोटा कर दिया, जिससे किसानों को सिंचाई के लिए पर्याप्त पानी उपलब्ध नहीं हो सकेगा। उन्होंने कहा कि एक तो पहले ही सिंचाई के लिए बनाए गए शैड्यूल को सरकार ने मनमाने तरीके से बदल दिया है, वहीं दूसरी ओर मोघों का साइज छोटा करने से किसानों के सामने समस्या और गहरा जाएगी, जिससे खेती घाटे का सौदा बन जाएगी। उन्होंने कहा कि अगर संबंधित विभाग को कानूनन कार्य करना था तो वो किसानों को इस संबंधी कोई नोटिस दे सकते थे, लेकिन अधिकारियों ने फोर्स के साथ रातों-रात मोघों का साइज कम कर दिया।

#### वर्तमान सरकार में अफसरशाही हावी

संबंधित विभाग की इस कार्यवाही से ये प्रतीत होता है कि किसान, किसान नहीं जैसे कोई आतंकवादी हो। किसानों की मांग है कि मोघों की पहले वाले स्थिति बहाल की जाए, ताकि वे अपनी फसल का उत्पादन कर परिवार का पालन-पोषण कर सकें। धरनारत लोगों ने कहा कि वर्तमान सरकार में अफसरशाही इतनी हावी है कि बिना किसी सूचना के कार्य कर आम जनता को प्रताड़ित किया जा रहा है। सरकार की पकड़ न होने से अधिकारियों के हौसले बुलंद हैं। किसानों ने कहा कि जब तक उनके मोघों का साइज पुराना नहीं दिया जाता, वे अपना संघर्ष जारी रखेंगे।

---

# आरएसएस के शताब्दी वर्ष पर किया पथ संचलन



सिरसा। पथ संचलन करते हुए राष्ट्रीय स्वयं सेवक। फोटो : हरिभूमि

- स्वयंसेवकों ने पारंपरिक रूप शस्त्र पूजन किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सौ वर्ष पूरे होने पर स्वयंसेवकों ने केलनिया मंडल के गांव झोरड़नाली में पथ संचलन किया। पथ संचलन श्री हनुमान मंदिर से आरंभ होकर विभिन्न गलियों व शहीद ऊधम सिंह चौक से होता हुआ वापिस हनुमान मंदिर मे समाप्त हुआ। पथ संचलन से पहले स्वयंसेवकों ने पारंपरिक रूप से शस्त्र पूजन किया। शस्त्र पूजन के बाद सुरेश वत्स ने बताया कि संघ के संस्थापक डॉ. केशव बलिराव हेडगेवार ने संघ की स्थापना की।

#### स्थापना दिवस की दी बधाई

सुरेश वत्स ने बताया कि हेडगवान ने भारत की स्वतंत्रता के लिए जेल की हवा खाई, जब डॉक्टर साहब को लगा की देश में तुष्टिकरण की राजनीति हावी हो रही है, तब उन्होंने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ जैसे राष्ट्रवादी संगठन की नींव रखी, जो आज दुनिया में सबसे बड़ा स्वयंसेवी संगठन है। कार्यक्रम की अध्यक्षता गांव के सरपंच विजय कुमार ने की। सरपंच विजय कुमार ने स्वयंसेवकों को संघ के स्थापना दिवस की बधाई दी व संघ के देश के प्रति दिए गए योगदान के लिए प्रसंशा की। स्थापना दिवस के कार्यक्रम में खंड के कार्यवाह संदीप आर्य, खंड के प्रचार प्रमुख रमन कुमार भंभूर आदि मौजूद थे।

---

### भक्तों का भारी जमावड़ा देखने को मिला

# बाबा रामदेव के जागरण में भजनों पर जमकर झूमे श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा



सिरसा। जागरण के दौरान झांकी प्रस्तुत करते कलाकार। फोटो : हरिभूमि

- धन्ना एंड पार्टी ने मधुर भजनों की प्रस्तुति दी

सुरतगढ़ियां चौक स्थित बाबा रामदेव मंदिर में जागरण का आयोजन किया गया, जिसमें भक्तों का भारी जमावड़ा देखने को मिला। मंदिर के पुजारी रामचंद्र ने बताया कि धन्ना एंड पार्टी ने बाबा रामदेव के गुणगान में मधुर भजनों की प्रस्तुति दी। जागरण के दौरान कलाकारों द्वारा प्रस्तुत आकर्षक और सुंदर झांकियों ने सभी का मन मोह लिया। ये झांकियां बाबा रामदेव के जीवन प्रसंगों को जीवंत रूप में दर्शाती रहीं। पुजारी रामचंद्र ने बताया कि ये झांकियां परंपरा का अभिन्न हिस्सा हैं, जो भक्तों को बाबा के आदर्शों और उनके जीवन दर्शन से जोड़ती हैं। इन झांकियों ने जागरण की रौनक को और बढ़ा दिया। रात्रि में मंदिर परिसर में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें दूर-दराज से आए भक्तों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

#### भंडारे में प्रसाद ग्रहण किया

भंडारे में प्रसाद ग्रहण कर भक्तों ने बाबा का आशीर्वाद प्राप्त किया। धन्ना एंड पार्टी ने खम्मा खम्मा हो म्हारी रुणिचे रा धनियां और पेलो पेलो परचो रतन रायका जैसे भजनों से रात भर का जागरण यादगार बना दिया। इन भजनों ने भक्तों को बाबा के प्रति और गहराई से जोड़ा। यह आयोजन भक्ति, उत्साह और परंपरा का अनूठा संगम रहा।

---

### न्यायिक सेवा में चयनित सोना के सम्मान में सीडीएलयू में समारोह

# सोना की उपलब्धि विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा का स्त्रोत: कुलपति

**पूर्व छात्रा सोना को हिमाचल प्रदेश न्यायिक सेवा (जज) में चयनित होने पर सम्मानित किया**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा



सिरसा। न्यायिक सेवा में चयनित सोना को सम्मानित करते विश्वविद्यालय के कुलपति व अन्य।

चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय सिरसा के विधि विभाग द्वारा सोमवार को सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें विभाग की पूर्व छात्रा सोना को हिमाचल प्रदेश न्यायिक सेवा (जज) में चयनित होने पर सम्मानित किया गया। यह उपलब्धि न केवल विश्वविद्यालय के लिए गौरव की बात है, बल्कि युवा पीढ़ी के लिए एक प्रेरणास्रोत भी सिद्ध हुई है। इस मौके पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. विजय कुमार ने कहा कि सोना की इस सफलता ने विश्वविद्यालय के नाम को गौरवान्वित किया है। उन्होंने आगे कहा कि सफलता के पीछे मेहनत, समर्पण और अनुशासन का समन्वय सबसे महत्वपूर्ण होता है, और सोना ने इन गुणों का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया है। उनकी यह उपलब्धि विशेष रूप से उन विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा का स्रोत है जो न्यायिक सेवा जैसे प्रतिष्ठित क्षेत्र में अपना करियर बनाना चाहते हैं। प्रो. उमेद सिंह ने बताया कि सोना का न्यायिक क्षेत्र में चयन विश्वविद्यालय के लिए गर्व का विषय है। उन्होंने विद्यार्थियों से आग्रह किया कि वे भी अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित रहकर समाज और राष्ट्र के निर्माण में अपना योगदान दें।

#### अनुभव सांझा किया

सोना ने अपने अनुभव सांझा करते हुए अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता व विश्वविद्यालय प्रशासन को दिया। उन्होंने ईमानदारी से अपनी जर्नी, किताबों के चयन, उत्तर लेखन अभ्यास, समय प्रबंधन तथा आत्मविश्वास बनाए रखने से जुड़ी रणनीतियाँ साझा कीं, जो न्यायिक सेवा की तैयारी कर रहे विद्यार्थियों के लिए अत्यंत उपयोगी और मार्गदर्शक रहीं। उन्होंने विद्यार्थियों को मेहनत, दृढ़ निश्चय और सकारात्मक सोच के साथ अपने सपनों को साकार करने की प्रेरणा दी। उल्लेखनीय है कि सोना विश्वविद्यालय के 2017-22 बैच की प्रतिभाशाली छात्रा रही हैं। इस मौके पर डीन, फैकल्टी ऑफ लॉ प्रो. अशोक कुमार मक्कड़, प्रो. मुकेश गर्ग, डॉ. नरेशलता, डॉ. नरेंद्र कुमार, डॉ. विकास पूनिया, डॉ. रजनी, डॉ. राकेश, डॉ. वकील, डॉ. प्रोमिला सहित अनेक शिक्षकगण और छात्र-छात्राओं की उपस्थिति रही।

---

### जेजी कॉलेज ऑफ बीएड एजुकेशन संस्थान में कार्यक्रम

# सेवानिवृत्त बागवानी अधिकारी ने पढ़ाया स्वच्छ पर्यावरण का पाठ

**प्रत्येक व्यक्ति पांच पौधे रोपित करने का आह्वान**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा



बागवानी विभाग से सेवानिवृत्त अधिकारी डॉ. नरेंद्र बेनीवाल ने सोमवार को जेजी कॉलेज ऑफ बीएड एजुकेशन संस्थान में स्वच्छ पर्यावरण पर आधारित व्याख्यान दिया। डॉ. नरेंद्र दहिया ने स्टाफ सदस्यों को बताया कि पर्यावरण असंतुलन के कारण वर्तमान मानवीय परिस्थितियां इतनी अधिक गंभीर हो गई है कि लगभग प्रत्येक व्यक्ति किसी ने किसी बीमारी अथवा तनाव का शिकार हो गया है। डॉ. बेनीवाल ने ग्राफ व आंकड़ों का हवाला दिया कि किसी प्रकार मानवीय त्रुटियों का खामियाजा खुद मानव को ही भुगतना पड़ रहा है। वैश्विक स्तर पर आ रहे भूकंप, सूखे के अलावा अन्य बहुत सी आपदाओं के चलते मानव जीवन संकटों से घिरा नजर आता है। इंसान सकारात्मक होने की बजाए नकारात्मकता में घिर गए हैं जहां केवल और केवल नैराश्रय का साम्राज्य है। ऐसे में इन परिस्थितियों से निपटने के लिए आवश्यक है कि प्रकृति के करीब आएं। उन्होंने सभी उपस्थित स्टाफ सदस्यों से आह्वान किया कि प्रत्येक व्यक्ति पांच पौधे अवश्य रोपित करे और अन्य को भी इसके लिए प्रेरित करे। इस मौके पर डॉ. सपना, डॉ. दीपिका, सुश्री रोहिला, डॉ. पूजा, रमन स्वामी, कुलदीप, हरीश मिगलानी, राजेश, मोहित, अनिल व अन्य मौजूद रहे।

---

### नई आपराधिक विधाओं की प्रदर्शनी का छात्रों ने किया अवलोकन

**सिरसा।** चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय के विधि विभाग के एलएलबी अंतिम वर्ष के छात्रों ने कुरुक्षेत्र में आयोजित नई आपराधिक विधाओं पर आधारित राज्य स्तरीय प्रदर्शनी का शैक्षणिक भ्रमण किया। विधि विभाग के अध्यक्ष प्रो. उमेद सिंह ने छात्रों के अनुभवों को सकारात्मक बताते हुए कहा कि इस प्रकार की शैक्षणिक यात्राएं विधि शिक्षा को अधिक प्रभावी व व्यावहारिक बनाती हैं। प्रदर्शनी में भारतीय न्याय संहिता, 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023, तथा भारतीय साक्ष्य अधिनियम, 2023 जैसे तीन प्रमुख विधायी बदलावों को व्यापक रूप से प्रदर्शित किया गया। छात्रों ने प्रदर्शनी में भाग लेकर न केवल नवीन विधायी परिवर्तनों की जानकारी प्राप्त की।

---

### मातेश्वरी विद्या देवी बाल साहित्य शोध एवं विकास संस्थान द्वारा आयोजन

# अखिल भारतीय बाल साहित्य सम्मेलन में देशभर के साहित्यकारों को नवाजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा



मातेश्वरी विद्या देवी बाल साहित्य शोध एवं विकास संस्थान द्वारा अखिल भारतीय बाल साहित्य सम्मेलन डॉ. जीडी चौधरी स्मृति सभागार में हुआ, जिसमें देशभर के आठ राज्यों के साहित्यकारों ने शिरकत की। संस्था के अध्यक्ष राजकुमार निजात की सात बाल साहित्य की बाल पुस्तकों का विमोचन हुआ, जिसमें बक्कू और स्वीटी, गोलू बंदर का स्कूल, नटखट खरगोश की समझदारी, मेरे भारत तेरी जय हो, बाल पहेली लाया हूं, हारो पापा बस्ता लायो तथा पानी पर उकेरे शब्द पुस्तकों के विमोचन के अतिरिक्त महेंद्रगढ़ से कवि डॉ. त्रिलोकचंद फतेहपुरी, पंचकूला हरियाणा से किशोर शर्मा सारस्वत, कानपुर से पधारे कैलाश बाजपेई की किताबों व अन्य साहित्यकारों की पुस्तकों का विमोचन किया गया। इस अवसर पर देवेंद्र कुमार श्रीवास्तव द्वारा संपादित विशेषांक का विमोचन भी किया गया।

#### इन्हें मिला सम्मान

कार्यक्रम में विभिन्न राज्यों से आए साहित्यकारों डॉ. नागेश पांडेय, संजय, देवेंद्र कुमार, डॉ. सतीश चंद्र शर्मा, डॉ. प्रीती खरे, राजकुमार सुचान, उदय नारायण, डॉ. इंदु गुप्ता, कैलाश बाजपेई, महेश स्पर्श, काली चरण, चक्रधर शुक्ल, सत्येंद्र कुमार पाठक, डॉ. अल्पना वर्मा व सुधा दुबे आदि वरिष्ठ प्रतिष्ठित साहित्यकारों को सम्मानित किया गया।

---

### परेड की सटीक कदमताल व सुदृढ़ समन्वय ने पुलिस की सजगता का दिया परिचय

# फायर सेफ्टी अवेयरनेस और दंगा-रोधक पर मॉक ड्रिल

- टीम ने अग्निशमन उपकरणों के उपयोग और नियंत्रण की प्रक्रिया पर जानकारी साझा की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद



फतेहाबाद। पुलिस कर्मचारियों को फायर सेफ्टी से संबंधित आवश्यक जानकारी देती फायर ब्रिगेड विभाग की टीम।

सहायक पुलिस अधीक्षक दिव्यांशी सिंगला के नेतृत्व में सोमवार को पुलिस लाइन फतेहाबाद में परेड का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों ने अनुशासन, ऊर्जा और टीम भावना का शानदार प्रदर्शन किया। परेड की सटीक कदमताल और सुदृढ़ समन्वय ने फतेहाबाद पुलिस की सजगता और तत्परता का परिचय दिया। कार्यक्रम के दौरान फायर ब्रिगेड विभाग की टीम द्वारा पुलिस कर्मियों को फायर सेफ्टी से संबंधित आवश्यक जानकारी दी गई। टीम ने आग लगने की स्थिति में उठाए जाने वाले प्रारंभिक कदम, सुरक्षित निकासी, अग्निशमन उपकरणों के उपयोग और नियंत्रण की प्रक्रिया पर जानकारी साझा की। फायर अधिकारियों ने बताया कि किसी भी आकस्मिक अग्निकांड में त्वरित प्रतिक्रिया और संयमित व्यवहार से बड़े नुकसान को रोका जा सकता है।

#### एएसपी ने प्रदर्शन की सराहना की

एएसपी दिव्यांशी सिंगला ने पुलिस कर्मियों को संबोधित करते हुए कहा कि हर पुलिसकर्मी को फायर सेफ्टी की मूल बातें समझनी चाहिए ताकि आकस्मिक स्थितियों में तुरंत कार्रवाई की जा सके। जागरूकता ही सुरक्षा की पहली सीढ़ी है। फायर सेफ्टी जानकारी सत्र के बाद दंगा-रोधक टीम द्वारा मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। इस ड्रिल में पुलिस बल ने भीड़ नियंत्रण, सुरक्षात्मक कवच के प्रयोग, संयमित बल-प्रयोग और आंसू गैस के गोले के उपयोग की प्रक्रिया का प्रदर्शन किया। एएसपी दिव्यांशी सिंगला ने मॉक ड्रिल का निरीक्षण किया और बल के प्रदर्शन की सराहना की। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की मॉक ड्रिल न केवल बल की तैयारियों को परखती हैं, बल्कि वास्तविक परिस्थितियों में शांत, संयमित और प्रभावी कार्रवाई के लिए भी प्रशिक्षण देती हैं। उन्होंने कहा कि पुलिस बल की सबसे बड़ी ताकत उसका अनुशासन और निरंतर प्रशिक्षण है। हर पुलिसकर्मी को मानसिक, शारीरिक और तकनीकी रूप से हमेशा तैयार रहना चाहिए ताकि किसी भी परिस्थिति में जनता की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। उन्होंने महिला पुलिसकर्मियों को भी प्रेरित किया कि वे आत्मविश्वास और संवेदनशीलता के साथ समाज की सेवा में अग्रसर रहें। परेड कार्यक्रम में डीएसपी रतिया नरसिंह, फायर ब्रिगेड अधिकारी सहित पुलिस लाइन के अनेक अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

---

### सालासर भंडारा ट्रस्ट ओढ़ा के सदस्यों ने दिखाई ईमानदारी

**ओढां।** श्री सालासर भंडारा ट्रस्ट, ओढ़ा के सदस्यों ने ईमानदारी दिखाते हुए एक श्रद्धालु का पर्स लौटा दिया है। गांव सेनेबाना, जिला बठिंडा पंजाब निवासी गुरप्रीत सिंह ने बताया कि वह सालासर धाम में माथा टेककर वापिस आ रहा था तो उसका कहीं पर पर्स गिर गया। जिसमें एक चेक, नगदी व जरूरी कागजात थे। काफी जगह ढूंढने पर नहीं मिला तो कल अचानक ओढ़ा जिला सिरसा से फोन आया कि आपका पर्स हनुमान मंदिर में रखा है। ट्रस्ट के उपप्रधान सहदेव गोदारा ने बताया उन्होंने गुरप्रीत को उसका पर्स लौटा दिया। उन्होंने बताया कि पर्स में 1 लाख 41 हजार का एक चेक, 6 हजार रुपये नगदी, एटीएम कार्ड और जरूरी डाक्यूमेंट थे। गुरप्रीत सिंह ने कुछ ईनाम देने की इच्छा प्रकट की, लेकिन ट्रस्ट ने इंकार कर दिया।

## खबर संक्षेप

### ड्रोन पायलट प्रशिक्षण के लिए 15 तक करें आवेदन

**फतेहाबाद।** हरियाणा अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास निगम द्वारा अनुसूचित जाति वर्ग के महिला और पुरुष सदस्यों को ड्रोन पायलट प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसके लिए इच्छुक उम्मीदवार 15 अक्टूबर तक बीघड़ चौक के नजदीक स्थित ओल्ड डीएसपी रेजिडेंस में निगम कार्यालय में संपर्क कर आवेदन कर सकते हैं। उपायुक्त ने बताया कि ड्रोन पायलट प्रशिक्षण के लिए आवेदक की आयु 18 से 45 वर्ष के बीच होनी चाहिए।

### विचार आश्रम मंदिर में संत समागम आज से

**फतेहाबाद।** स्वामी विचार आत्मानंद महाराज के परम सेवक स्वामी ध्यानानंद पुरी महाराज का 36वां महानिर्वाण दिवस विचार आश्रम रोड स्थित श्री अद्वैत स्वरूप विचार आश्रम फतेहाबाद में धूमधाम से मनाया जाएगा। इस उपलक्ष्य में श्री विचार आश्रम मंदिर में भजन संध्या, श्रद्धांजली समारोह और विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा।

### पूर्व सीएम भजनलाल की जयंती पर किया नमन

**फतेहाबाद।** पूर्व मुख्यमंत्री स्व. चौ भजनलाल की 95वीं जयंती पर फतेहाबाद बिश्नोई मंदिर में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में चौ. भजनलाल को याद करते हुए उन्हें माल्यार्पण करके उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। बिश्नोई सभा फतेहाबाद के जिला प्रधान भूप सिंह ने स्व. चौधरी भजनलाल को नमन करते हुए कहा कि बिश्नोई रत्न, पूर्व मुख्यमंत्री चौधरी भजनलाल ने हरियाणा प्रदेश व समाज के सभी वर्गों का सामान उत्थान किया।

### चिरायु विस्तार योजना को तक करें भुगतान

**फतेहाबाद।** उपायुक्त डॉ. विवेक भारती ने बताया कि हरियाणा सरकार द्वारा चिरायु आयुष्मान भारत योजना चलाई जा रही है। योजना के तहत जिन परिवारों की वार्षिक वेरीफाइड आय 1 लाख 80 हजार रुपये से कम है, उन्हें इस महत्वाकांक्षी योजना का निशुल्क लाभ दिया जाता है। वहीं जिन परिवारों की वार्षिक आय 1 लाख 80 हजार रुपये से ज्यादा 3 लाख रुपये तक है।

### मेधावी छात्रों को 12 हजार तक मिलेगी छात्रवृत्ति

**फतेहाबाद।** सामाजिक न्याय और अधिकारिता, अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण तथा अल्पसंख्यक सेवा विभाग हरियाणा द्वारा संचालित डॉ. अंबेडकर मेधावी छात्रवृत्ति संशोधित योजना वर्ष 2025-26 के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। छात्र-छात्राएं इस योजना का लाभ उठाने हेतु आवेदन पत्र 31 जनवरी 2026 तक पोर्टल पर जमा कर सकते हैं। उपायुक्त डॉ. विवेक भारती ने बताया कि शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर बढ़ती प्रतिस्पर्धा के युग में अनुसूचित जाति, पिछड़ा वर्ग, विमुक्त घुमंतु, टपरीवास श्रेणी एवं अन्य वर्ग के मेधावी विद्यार्थियों को अधिक से अधिक आर्थिक सहयोग एवं प्रोत्साहन प्रदान करने के उद्देश्य से यह योजना चलाई जा रही है।

---

त्योहारों पर विभाग अलर्ट : सैंपल जांच के लिए लैब में भेजे

# बालाजी रसगुल्ला भंडार पर खाद्य सुरक्षा विभाग का छापा, मिठाइयों के भरे सैंपल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भट्टूकलां

त्योहारों पर मिलावटी मिठाईयां बिकने की लगातार मिल रही शिकायतों के बाद खाद्य सुरक्षा अधिकारी डॉ. गौरव की अगुवाई में सीएम फ्लाइंग टीम के साथ भट्टू कलां के फतेहाबाद रोड स्थित बालाजी रसगुल्ला भंडार पर औचक छापेमारी की गई। इस कार्रवाई के दौरान मिठाइयों और दुग्ध उत्पादों की गुणवत्ता की जांच के लिए विभिन्न सैंपल लिए गए। टीम ने मौके से रसगुल्ला, गुलाब जामुन, दूध और छैना के सैंपल एकत्र किए, जिन्हें आगे जांच के लिए प्रयोगशाला में भेजा गया है। छापेमारी के दौरान स्थानीय पुलिस और खुफिया विभाग के अधिकारी भी मौजूद रहे। कार्रवाई में शामिल अधिकारियों में एसआई राजेश कुमार, एसआई जितेंद्र कुमार हिसार, एएसआई अमित कुमार सिलगांव तथा क्षेत्राधिकारी, गुप्तचर विभाग भट्टू कलां प्रमुख रूप से उपस्थित थे।



भट्टूकलां। हलवाई की दुकान में जांच करते अधिकारी। फोटो : हरिभूमि

### सैंपल फेल होने पर कड़ी कार्रवाई

खाद्य सुरक्षा अधिकारी डॉ. गौरव ने जानकारी देते हुए बताया कि यह कार्रवाई जनस्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए की गई है। रिपोर्ट आने के बाद यदि सैंपल मानकों पर खरे नहीं उतरते हैं तो संबंधित प्रतिष्ठान के खिलाफ नियमानुसार कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

### ये बोले अधिकारी

खाद्य सुरक्षा अधिकारी डॉ. गौरव ने बताया कि स्वास्थ्य सुरक्षा के प्रति किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सैंपल की रिपोर्ट आने के बाद नियमानुसार सख्त कार्यवाही की जाएगी। दूसरी ओर गुप्तचर विभाग के अधिकारियों का कहना है कि आगे भी खाद्य पदार्थों में मिलावट और अस्वास्थ्यकर परिस्थितियों की रोकथाम के लिए ऐसी कार्रवाई जारी रहेगी।

### गंदगी में मक्खियों का जमावड़ा

टीम ने मौके से 2100 किलो रसगुल्ले, 40 किलो गुलाब जामुन, एक हजार लीटर चासनी और 170 किलो छैना बरामद किया है। निरीक्षण के दौरान खाद्य सामग्री को रखने के हालात बेहद खराब पाए गए। मौके पर मिठाइयों के आसपास गंदगी और मक्खियों का जमावड़ा था, जो सार्वजनिक स्वास्थ्य के लिए खतरा बन सकता था। रसगुल्ले और 200 किलो चासनी को मौके पर ही नष्ट कर दिया।

### स्वास्थ्य विभाग खामोश

त्योहारी रौनक के साथ फतेहाबाद के बाजारों में मिठाइयों की चमक भले ही बढ़ी हो, लेकिन इस चमक के पीछे छुपा है मिलावट का काला सच। दशहरे से लेकर दीपावली तक, लोग स्वाद और परंपरा के नाम पर जहर खरीद रहे हैं और स्वास्थ्य विभाग आंख मूंदे बैठा है। सड़कों पर मिठाई, पीछे गोदामों में मिलावट का खेल चल रहा है। जांच के नाम पर कार्रवाई शून्य है। अब तक न एक भी सैंपल, न कोई छापेमारी। शहर की दर्जनों मिठाई की दुकानों और गोदामों में नकली मावा, घटिया पनीर और मिलावटी खोया धड़ल्ले से बिक रहा है। पूछने पर स्वास्थ्य विभाग के अफसर या तो फोन नहीं उठाते हैं। लोगों का आरोप है कि मिलावटी खाद्य सामग्री राजस्थान से निजी बसों के जरिए फतेहाबाद लाई जा रही है। ये सामग्री सीधे शहर के गोदामों में उतरती है और वहीं से हलवाइयों के जरिए बाजार में पहुंचती है। न कोई बिल, न जांच। बस मोटा मुनाफा और सीधा खेल जनता की सेहत से। बता दें कि हरियाणा की स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव ने स्पष्ट निर्देश दिए थे कि त्योहारी सीजन में मिलावटखोरों के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई जाए, लेकिन जमीनी हकीकत ये है कि फतेहाबाद में अधिकारियों ने मंत्री के आदेशों को रद्दी की टोकरी में डाल दिया है।

---

महिला एवं बाल विकास विभाग की कार्यशाला

# रॉकेट लर्निंग संगठन ने दी विभिन्न विषयों पर जानकारी



फतेहाबाद। कार्यशाला में भाग लेतीं महिलाएं।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

सेवा पखवाड़ा एवं पोषण माह के अवसर पर महिला एवं बाल विकास विभाग भट्टू कलां व रॉकेट लर्निंग के संयुक्त तत्वाधान में भट्टूकला के खंड कार्यालय में शिक्षण सामग्री वर्कशॉप आयोजित की गई, जिसमें भट्टू खंड की 80 आंगनवाड़ी वर्करों ने भाग लिया। कार्यक्रम में वर्कर्स ने अपने साथ लाए हुए अपशिष्ट वस्तुएं जैसे पुराने अखबार, पुरानी चूड़ियां, खाली पानी की बोतल, खाली गत्ते के डिब्बे, कपड़े के टुकड़े, पुरानी जुराबों से भिन्न-भिन्न प्रकार के छोटे बच्चों को शिक्षा देने के लिए शिक्षण सामग्री बनाई गई।

जैसे रंगों का ज्ञान अंगों का ज्ञान फलों का ज्ञान फूलों का ज्ञान यातायात के नियमों का ज्ञान के लिए शिक्षण सामग्री बहुत ही प्रभावित तरीके से बनाई गई। वर्कर्स द्वारा तैयार की गई शिक्षण सामग्री का सभी सुपरवाइजरों ने अवलोकन किया एवं वर्करों को बधाई संदेश भी दिया।

कार्यक्रम में सुपरवाइजर कौशल बाई, शालू, ज्योति नेहरा, प्राची, वर्षा, ज्योति कूमारी, खंड कार्यालय से सुपरीडेंट वीरेंद्र बेनीवाल, रूप देवी, भजन लाल सदस्य उपस्थित रहे।

### खिलौने बनाना सिखाया

कार्यक्रम में रॉकेट लर्निंग के जिला समन्वयक रोहताश कुमार व जिला कार्यकर्ता शिखा ने आंगनवाड़ी वर्कर को पहले बच्चों को बिना खर्चे के और प्राकृतिक रूप से खिलौने कैसे बनाएं, जिससे बच्चों को प्रारंभिक शिक्षा के रूप में उपयोग किया जा सके का एक डेमो दिया।

---

# आरएसएस स्वयंसेवकों ने किया पथ संचलन

- शस्त्र पूजन व पथ संचलन से दिया एकता का संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने विजयादशमी के पावन अवसर पर शताब्दी वर्ष समारोह के तहत शस्त्र पूजन एवं पथ संचलन का आयोजन किया। कार्यक्रम गौशाला रोड स्थित रानी लक्ष्मीबाई पार्क में हुआ। संघ के स्वयंसेवक पूर्ण गणवेश व दंड सहित अनुशासित पंक्तियों में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डॉ. मिनाक्षी बंसल रहीं जबकि मुख्य वक्ता जिला कार्यवाह विकास लालवास थे। नगर संघचालक राहुल गोयल भी मंचासीन रहे। शस्त्र पूजन के दौरान स्वयंसेवकों ने राष्ट्रभक्ति, अनुशासन और सेवा भाव का संदेश दिया।



फतेहाबाद। पथ संचलन करते आरएसएस के स्वयंसेवक।

इसके उपरांत हुए पथ संचलन में संघ के पंच परिवर्तन व वैचारिक मूल्यों की झलक दिखाई दी। मुख्य वक्ता विकास लालवास ने कहा कि विजयादशमी केवल रावण के अंत का प्रतीक नहीं, बल्कि सत्य, धर्म और सेवा के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देने वाला पर्व है। उन्होंने बताया कि डॉ. केशवराव बलिराम हेडगेवार ने 1925 में विजयादशमी के दिन नागपुर में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना की थी। आज संघ अपनी शताब्दी यात्रा में प्रवेश कर रहा है, जो प्रत्येक स्वयंसेवक के लिए गर्व का विषय है। नगर कार्यवाह रविन्द्र कुमार ने कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की।

### जगह-जगह स्वागत

आरएसएस का यह पथ संचलन पुराना बस स्टैण्ड व लाल बत्ती चौक, परशुराम चौक, भट्टू रोड सहित विभिन्न मुख्य मार्गों से होकर गुजरा। इस दौरान अरोड़वंश महासभा के पदाधिकारियों ने पुष्प वर्षा कर पथ संचलन का स्वागत एवं अभिनंदन किया। इस अवसर पर सचिव नरेश सचदेवा एडवोकेट, पूर्व प्रधान मोहरीराम ग्रोवर, वरिष्ठ उपप्रधान डा. गुलशन सेठी, कोषाध्यक्ष हरप्रीत सिंह ग्रोवर व अन्य मौजूद रहे।

---

# समाधान शिविर में शिकायतों का निपटारा

- फतेहाबाद के अनिल ने की अवैध शेड हटवाने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

डीडीपीओ अनूप सिंह ने कहा कि जिला प्रशासन का प्रयास है कि प्रत्येक व्यक्ति की समस्या का समय पर निपटान हो और कोई भी मामला लंबित न रहे। इसके लिए जिला प्रशासन द्वारा नागरिकों की समस्याओं के समाधान के लिए समाधान शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। डीडीपीओ सोमवार को लघु सचिवालय स्थित सभागार में आयोजित समाधान शिविर में शिकायतों की सुनवाई कर रहे थे। डीडीपीओ ने समाधान शिविर में लोगों की शिकायतों को सुना और मौके पर ही संबंधित अधिकारियों को उनका समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।



फतेहाबाद। समाधान शिविर में नागरिकों की समस्याएं सुनते डीडीपीओ अनूप सिंह।

### शिविर में इन्होंने भी समस्याएं रखीं

समाधान शिविर में गांव चंद्रावल निवासी जयवीर सिंह ने बाजरे की फसल हेतू गेट पास काटने, गांव दहमन निवासी गरीब दास ने पुलिस केस में कार्यवाही हेतू, फतेहाबाद निवासी अनिल कुमार ने अवैध शैड हटवाने, गांव बडोपल निवासी प्यारे लाल ने बारिश के कारण मकान की क्षतिपूर्ति हेतू, स्थानीय गुरूनानकपुरा निवासी अमरजीत कौर व भिरड़ाना निवासी काला सिंह ने धमकी देने वाले के खिलाफ कार्यवाही करने, गांव सलेमपूर निवासी सुखजीत सिंह ने पाईन लाइन डलवाने, बनमंदोरी निवासी विनोद कुमार ने पीपीपी में इनकम करवाने बारे अपनी शिकायते समाधान शिविर में रखी।

---

# डिलीवरी स्कैम से सावधान रहें शॉपिंग की आड़ में हो रही ठगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

आज के डिजिटल युग में ऑनलाइन शॉपिंग और कूरियर सेवाएं हर घर की सामान्य आवश्यकता बन चुकी हैं। लोग मोबाइल ऐप्स और वेबसाइट्स के माध्यम से सामान मंगवाते हैं, लेकिन इसी सुविधा का फायदा उठाकर साइबर अपराधी भोले-भाले नागरिकों को ठगने में लगे हुए हैं। हाल ही में देशभर में पार्सल डिलीवरी स्कैम के कई मामले सामने आए हैं, जिनमें लोग लाखों रुपये गवां बैठे। इस संदर्भ में पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन ने आमजन को सतर्क रहने की एडवाइजरी जारी की है।



एसपी ने कहा कि इस स्कैम में ठग खुद को कूरियर एजेंट, कस्टम अधिकारी या विदेशी मित्र बताकर दावा करते हैं कि आपके नाम से विदेश से कोई महंगा गिफ्ट आया है। कभी-कभी इसमें सोना, हीरे-जवाहरात, नकद राशि या महंगे ब्रांडेड सामान का लालच दिया जाता है। इसके बाद कॉल, ईमेल या व्हाट्सएप संदेश भेजकर यह बताया जाता है कि पार्सल एयरपोर्ट के कस्टम विभाग में फंसा है और उसे छुड़ाने के लिए तुरंत टैक्स या शुल्क चुकाना होगा। शुरुआत में मामूली रकम मांगी जाती है, लेकिन एक बार भुगतान करने के बाद लगातार नए-नए चार्जेज की मांग शुरू हो जाती है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि ऐसे स्कैम में ठग लालच और डर दोनों का इस्तेमाल करते हैं।

---

# शिक्षा जीवन में उन्नति का आधार

- परिवार, समाज और देश के विकास के लिए बच्चों को शिक्षित करना जरूरी : दिव्यांशी सिंगला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

गांव मताना के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में शिक्षा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्यअतिथि के तौर पर सहायक पुलिस अधीक्षक दिव्यांशी सिंगला ने भाग लिया वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता गांव के सरपंच एडवोकेट दलबीर वर्मा मताना ने की। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के तौर पर जिला परिषद चेयरमैन प्रतिनिधि सुभाष खीचड़ ने भाग लिया। सरपंच के नेतृत्व में ग्रामीणों ने एएसपी दिव्यांशी सिंगला का फूलमालाओं और बुके भेंट कर स्वागत किया।



फतेहाबाद। गांव मताना में एएसपी दिव्यांशी सिंगला को सम्मानित करते सरपंच एडवोकेट दलबीर वर्मा।

### एएसपी ने विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया

एएसपी दिव्यांशी सिंगला ने विद्यार्थियों से बातचीत भी की और उनके द्वारा पूछे गए सवालें का जवाब दिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए एएसपी दिव्यांशी सिंगला ने कहा कि जीवन में शिक्षा का महत्व अत्यधिक है, क्योंकि यह व्यक्तिगत विकास, आर्थिक स्वतंत्रता, बेहतर सामाजिक स्थिति, और न्यायपूर्ण समाज के निर्माण में सहायक होती है. यह ज्ञान और समझ को बढ़ाती है, नैतिक मूल्यों का विकास करती है। उन्होंने ग्रामीणों से अपने बच्चों को शिक्षित करवाने का आह्वान करते हुए कहा कि एक शिक्षित व्यक्ति ही अपने परिवार, समाज और देश के विकास में अपना योगदान दे सकता है। विद्यार्थियों को अनुशासन का महत्व बताते हुए एएसपी दिव्यांशी सिंगला ने कहा कि विद्यार्थी के जीवन में शिक्षा के साथ अनुशासन का विशेष महत्व है।

---

# एसएस जैन सभा ने हर्षोल्लास व श्रद्धाभाव से मनाई दीक्षा जयंती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

श्याम नगर स्थित एसएस जैन सभा के जैन स्थानक में आत्म-शुक्ल शिव-अमर- कुसुम जन्म जयन्ती दीक्षा जयन्ती हर्षोल्लास व श्रद्धाभाव से मनाई गई। समारोह में सैक्टर-5, रोहिणी, दिल्ली निवासी सरोज जैन धर्मपत्नी प्रमोद जैन ने ध्वजारोहण किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता एसएस जैन सभा के प्रधान व अग्रोहा विकास ट्रस्ट के जिला अध्यक्ष सुरेन्द्र मित्तल ने की। समारोह में अग्रोहा विकास ट्रस्ट के राष्ट्रीय अध्यक्ष बजरंग दास गर्ग, विधायक बलवान सिंह दौलतपुरिया, पूर्व विधायक दूड़ाराम तथा अग्रवाल सभा के संरक्षक देवीदयाल तायल मुख्य अतिथि के तौर पर उपस्थित थे। विशिष्ट अतिथियों में अग्रोहा विकास ट्रस्ट की जिला प्रधान नेहा मित्तल, राहुल लोहिया, विनोद गर्ग भिरडाना वाले, राजेन्द्र जैन व तेरापंथ के प्रधान संजय जैन मौजूद थे। समारोह का मंच संचालन कुलदीप गर्ग ने किया। अतिथियों का स्वागत विनोद जैन, नवल जैन, प्रवीण जैन ने किया।



प्रवचन करतीं जैन साध्वियां।

दीक्षा जयंति समारोह में प्रवचन करते हुए शासन प्रभाविका उपप्रवर्तनी महासाध्वी कैलाशवती जी महाराज की सुशिष्या जैन ज्योति व अन्य मौजूद रहीं।

---

# नवोदय स्कूल में दाखिले के लिए आवेदन की अंतिम तिथि आज

- कक्षा 8 अथवा कक्षा 10 में पढ़ रहे हो तो वह विद्यालय की वेबसाइट पर जाकर ऑनलाइन आवेदन करें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| ओढां

पीएम श्री स्कूल जवाहर नवोदयविद्यालय ओढ़ा में कक्षा 9 तथा 11 में सत्र 2026-27 में प्रवेश हेतु ऑनलाइन आवेदन के लिए 7 अक्टूबर अंतिम तिथि है। जानकारी देते हुए विद्यालय के प्राचार्य ललित कालड़ा ने बताया कि जो भी छात्र अथवा छात्रा वर्तमान सत्र 2025-26 में सिरसा जिले के किसी भी सरकारी अथवा मान्यता प्राप्त स्कूलों में कक्षा 8 अथवा कक्षा 10 में पढ़ रहे हो तो वह विद्यालय की वेबसाइट पर जाकर ऑनलाइन आवेदन करें या जवाहर नवोदय विद्यालय ओढ़ा पहुंचकर अपना ऑनलाइन आवेदन अवश्य कर दें। यह परीक्षा 7 फरवरी 2026 को सिरसा जिले के स्कूलों में होगी।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, 783, पी.एल.ए., नजदीक टाउन पार्क, हिसार
फोन : 9315429403, 9253681005, 7988727916

---

शहादत वर्षगांठ पर पंजाबी विद्यार्थी राज्य स्तरीय अध्यापक सम्मान समारोह का आयोजन

# पंजाबी को दूसरी भाषा का दर्जा अमल में लाएं : जत्थेदार

1050 मेधावी छात्रों व फतेहाबाद, सिरसा, हिसार, भिवानी, जींद, रोहतक के 200 पंजाबी अध्यापकों को सम्मानित किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रतिया

पंजाबी अध्यापक अते भाषा प्रचार प्रसार सोसाइटी हरियाणा द्वारा महान बलिदानी श्री गुरु तेग बहादुर जी की 350वीं शहादत वर्षगांठ को समर्पित राज्य स्तरीय वार्षिक पंजाबी विद्यार्थी व पंजाबी अध्यापक सम्मान समारोह का आयोजन अंतरराष्ट्रीय अध्यापक दिवस पर गुरुद्वारा श्री अंगीठा साहिब नथवान, रतिया जिला फतेहाबाद में किया गया। कार्यक्रम में मुख्यअतिथि के रूप में संत बाबा जत्थेदार बलजीत सिंह दादूवाल शामिल हुए जबकि प्रधान डॉ. हरजीत गिल ने अध्यक्षता की।



रतिया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को सम्मानित करते जत्थेदार बलजीत सिंह दादूवाल व अन्य अतिथिगण।

विशेष अतिथि के तौर पर समाज सेवी बलदेव सिंह दंदीवाल व खंड शिक्षा अधिकारी शशि प्रकाश ने शिरकत की। इस सम्मान समारोह में सोसाइटी की तरफ से कक्षा आठवीं, दसवीं व बारहवीं में पंजाबी विषय में 90 से ऊपर अंक हासिल करने वाले जिला फतेहाबाद के 1050 के करीब मेधावी छात्रों व फतेहाबाद, सिरसा, हिसार, भिवानी, जींद, रोहतक के 200 पंजाबी अध्यापकों को सम्मानित किया गया। प्रदेश कन्वीनर डॉ. नैब सिंह मंडेर ने सम्मान समारोह की रुपरेखा प्रस्तुत करते हुए मंच संचालन के साथ ही डॉ किरण लता की अगवाई में जाखल स्कूल की छात्राएँ गुनप्रीत व ख़ुशी द्वारा प्रस्तुत शब्द गायन के साथ शुभारम्भ हुआ। जिला अध्यक्ष कश्मीर सिंह ने अतिथियों का स्वागत किया।

### शिक्षकों के पद बनाने की मांग

समारोह को सम्बोधित करते हुए मुख्यअतिथि जत्थेदार बलजीत सिंह दादूवाल ने कहा कि हरियाणा व केंद्र सरकार के समक्ष पंजाबी की पोस्ट बनवाने, भर्ती करने की मांग पर अधिकारिओं ने अच्छा काम किया है लेकिन अभी भी पंजाबी भाषा को अमली तौर पर दूसरी भाषा दर्जा नहीं दिया जिसे तुरन्त देने की मांग है। उन्होंने कहा कि जिन स्कूलों में पंजाबी पढने वाले बच्चे है, उसमें बिना गिनती से पोस्ट दी जाए। उन्होंने पंजाबी भाषा के प्रचार प्रसार के लिए गुरद्वारा प्रबंधक कमेटी के अंतर्गत आने वाले गुरद्वारा साहिब में पंजाबी अखबार, धर्म और विरसा से संबधित रसाला आदि शुरू करबाने की हामी भरी। समारोह में क्षेत्र विद्वान चित्रकार कृष्ण सिंह द्वारा लगाई चित्रकला प्रदर्शनी बच्चों के लिए प्रेरणादायक रही। समारोह में सुखपाल सिंह सहोता के ढाडी जत्थे, इंदरजीत भुल्लर व अन्य मौजूद रहे।